TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

11 दिसम्बर 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

आप जो सोचते हो वही बन जाते हैं जो

आप हो उसी में ख़ुश रहो।

ओशो



राकेश कुमार

मधु प्रिया


# यूनिसेफ स्थापना दिवस 11 दिसंबर

unicef

हर वर्ष पूरे विश्व में **11** दिसंबर को यूनिसेफ स्थापना दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने **11** दिसंबर, **1946** को यूनिसेफ**(** एक प्रकार का संयुक्त राष्ट्र बाल आपातकालीन कोष संगठन **)**का गठन किया था। इस संगठन के गठन का लक्ष्य द्वितीय विश्व युद्ध के बाद आपूर्ति, सहायता और स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और बच्चों के सामान्य कल्याण में सुधार करना था। द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति के बाद पूरी दुनिया में भुखमरी और कुपोषण जैसी समस्या उत्पन्न हो गई थी। इससे सबसे ज्यादा प्रभावित छोटे बच्चे थे। यह संगठन खासकर बच्चों के उत्थान के लिए काम करती है। यह संगठन **1953** में संयुक्त राष्ट्र की एक स्थाई एजेंसी बन गया था। इस दिन पूरी दुनिया में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। जिसमें विभिन्न देशों के प्रतिनिधि सम्मिलित होते हैं। इन सम्मेलनों में बच्चे के जीवन को और बेहतर बनाने और उनके अधिकारों की रक्षा करने की रूपरेखा तैयार की जाती है। जिसके आधार पर पूरे वर्ष बच्चों के उत्थान के लिए काम किया जाता है। यूनिसेफ विशेष रूप से कम विकसित देशों और विभिन्न आपातकालीन स्थितियों में बच्चों के जीवन में सुधार के लिए कई तरह के कार्यक्रम चलाता है। यूनिसेफ संगठन से जुड़े हुए सभी देश **11** दिसंबर को अपने यहां खास कार्यक्रम का आयोजन करते हैं। इसमें बच्चों के उत्थान से जुड़े संगठनों और प्रतिनिधि को बुलाया जाता है। जिसमें उन्हें यूनिसेफ के आगामी कार्यक्रम की जानकारी देने के साथ उनसे भी सुझावों मांगे जाते हैं। इन सुझाव के आधार पर यूनिसेफ अपनी योजनाएं बनाता है। इसके अलावा जिन देशों में बच्चों की स्थिति काफी दयनीय है, उनकी स्थिति में सुधार करने के लिए आर्थिक मदद की घोषणाएं की जाती है। आज के समय में यूनिसेफ संगठन के साथ मिलकर **190** देश काम कर रहे हैं।

# जयंती विशेष 11 दिसम्बर




प्रणव कुमार मुखर्जी (जन्म: **11** दिसम्बर **1935** मृत्यु **- 31** अगस्त **2020)** भारत के तेरहवें राष्ट्रपति थे। **26** जनवरी **2019** को प्रणब मुखर्जी को भारत रत्न से सम्मानित किया गया। वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं में से एक थे। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन ने उन्हें अपना उम्मीदवार घोषित किया। सीधे मुकाबले में उन्होंने अपने प्रतिपक्षी प्रत्याशी पी॰ ए॰ संगमा को हराया। उन्होंने **25** जुलाई **2012** को भारत के तेरहवें राष्ट्रपति के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ ली। प्रणब मुखर्जी ने किताब 'द कोलिएशन ईयर्स: **1996-2012'** लिखा है।

TOB
खेल कॉर्नर

# 2025 में भारत के टॉप-5 वनडे स्कोरर

| प्लेयर | रन | मैच | 50/100 | बेस्ट |
|---|---|---|---|---|
| विराट कोहली  | 651 | 13 | 4/3 | 135 |
| रोहित शर्मा  | 650 | 14 | 4/2 | 121* |
| श्रेयस अय्यर  | 496 | 11 | 5/0 | 79 |
| शुभमन गिल  | 490 | 11 | 2/2 | 112 |
| केएल राहुल  | 367 | 14 | 2/0 | 66* |

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **11.12.2025**

## स्वतंत्र सोच
## (Independent Thinking)

स्वतंत्र सोच **(Independent Thinking)** का मतलब है दूसरों की कही बातों या भीड़ का अनुसरण किए बिना, तर्क, अनुभव और अपने विवेक का उपयोग करके अपने विचार बनाना और निर्णय लेना है, जिसमें सवाल पूछना, विभिन्न पक्षों को सुनना और आलोचनात्मक विश्लेषण करना शामिल है, जो व्यक्ति को आत्मविश्वास और अनुकूलनशीलता देता है और समाज में सकारात्मक योगदान के लिए महत्वपूर्ण है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



**जापान में जब कोई मशीन काम से हटाई जाती है, तो श्रमिक एक छोटा विदाई समारोह करते हैं। वे मशीन के लंबे समय तक साथ देने के लिए उसे धन्यवाद देते हैं। यह परंपरा सम्मान और कृतज्ञता दिखाने के लिए होती है!**

# पद्य पंकज

"

कर्णधार तू बना तो हाथ में लगाम ले।
क्राति को सफल बना नसीब का न नाम ले।
भेद सर उठा रहा, मनुष्य को मिटा रहा
गिर रहा समाज, आज बाजुओं में थाम ले।
त्याग का न दाम ले,
दे बदल नसीब तो गरीब का सलाम ले।


---

**गोपाल सिंह नेपाली**


Madhu priya

www.padyapankaj.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
11 दिसंबर 1935 - 31 अगस्त 2020
भारत के पूर्व राष्ट्रपति, भारत रत्न से सम्मानित
प्रणव मुखर्जी
की जयंती पर कोटि-कोटि नमन।
Madhu priya
/teachersofbihar


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
11 दिसंबर
विश्व पर्वत दिवस
www.teachersofbihar.org
Madhu priya


सीतामढ़ी जिला स्थापना दिवस
11 दिसंबर
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
1 Valmiki Nagar
2 Pashchim Champaran
3 Purba Champaran
4 Sheohar
5 Sitamarhi
6 Madhubani
7 Jhanjharpur
8 Supaul
9 Araria
10 Kishanganj
11 Katihar
12 Purnia
13 Madhepura
14 Darbhanga
15 Muzaffarpur
16 Vaishali
17 Gopalganj (SC)
18 Siwan
19 Maharajganj
20 Saran (Chhapra)
21 Hajipur (SC)
22 Ujiapur
23 Samastipur (SC)
24 Begusarai
25 Khagaria
26 Bhagalpur
27 Banka
28 Munger
29 Nalanda
30 Patna Sahib
31 Pataliputra
32 Arrah
33 Buxar
34 Sasaram (SC)
35 Karakat
36 Jahanabad
37 Aurangabad
38 Gaya (SC)
39 Nawada
40 Jamui (SC)
www.teachersofbihar.org
Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
यूनिसेफ स्थापना दिवस
11 दिसंबर